>

Title: Need to ensure uninterrupted power supply in Chitrakoot Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं बुंदेलखंड के बांदा संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूँ । मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत सुदूर अंचलों में जो पाठा में बसा हुआ चित्रकूट का क्षेत्र है, बांदा का क्षेत्र है, वहाँ बिजली पहुँचाने का काम किया है । उन गरीबों के घरों पर बल्ब जलाने का काम किया गया है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि जो पुराने जर्जर पोल्स हैं, पावर हाउस से उन गाँवों तक पहले बिजली गई थी, उनकी हालत दयनीय है । उनको बदलने का काम भी उसी योजना में शामिल कर लिया जाए । वर्तमान स्थिति यह है कि बुंदेलखंड और चित्रकूट में बड़े पैमाने पर बिजली की कटौती हो रही है । अभी दो-तीन दिनों से लगातार वहाँ लोग बिजली न मिलने और उमस के कारण जाम लगा रहे हैं । इस समय पाठा में पानी भी बरस नहीं रहा है । पानी न बरसने से पेयजल का भी संकट होता है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत उन गाँवों में तार और खम्भे सब जगह पहुँचा दिए गए हैं, लेकिन जो पुराने तार और जर्जर पोल्स हैं, उनको बदलने का भी काम उस योजना में शामिल करके बिजली 24 घंटे प्रदान की जाए । मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह माँग है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।